इंटैक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा स्पाट–पेन्टिग प्रतोयोगिता का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ (विंग प्रथम) के सभागार मे दिनांक 16 सितम्बर, 2015 को इतिहास विभाग के इंटैक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा भारत के विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरो पर आधारित एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमे बीए के इतिहास विषय की 43 छात्राओं ने भाग लिया. प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर मोनिका बीए द्वितीय वर्ष, रोशन बीए प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान तथा नीलम बीए तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. चार सांतवना पुरस्कार भी दिये गये. जिन्हें प्रिया बीए प्रथम वर्ष, मुनेश कुमारी बीए तृतीय वर्ष, नविता बीए तृतीय वर्ष, मिन्टा यादव बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया.

निर्णायक मंडल की भूमिका मुख्य अतिथि श्री आनन्द मेहता संयोजक इंटैक फरीदाबाद चैप्टर और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने निभाई. शिक्षाविद, समाजसेवी और उद्योगपति श्री आनन्द मेहता ने इस अवसर पर बीए प्रथम वर्ष के 38 छात्राओं को क्लब में शामिल करते हुए उन्हें बैज व क्लब पासपोर्ट भी प्रदान किए. सभी विजेताओं को प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने बधाई दी और बताया कि वर्ष 2009 से यह क्लब निरंतर विभिन्न प्रतियोगिताओं व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की ऐतिहासिक विरासतों व भारत की सभ्यता व संस्कृति का ज्ञान कराता रहता है. इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ0 जयपाल सिंह ने बताया कि इस क्लब में 100 सदस्य है जो भारत की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और ऐतिहासिक धरोहरो को सुरक्षित रखने का संकल्प लिए हुए है. इस अवसर पर जयपुर के इतिहास पर एक चलचित्र भी दिखाई गई. अन्त मे इतिहास विभाग की प्रवक्ता डॉ0 विनीता शर्मा ने उपस्थित मुख्य अतिथि, प्राचार्य और डॉ० रामचन्द्र व अन्य उपस्थित स्टाफ का धन्यवाद किया.